सार-समाचार

युवा सम्मेलन-रोजगार उत्सव आयोजित

डीग, (निस)। मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार वर्तमान राज्य सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 से 17 दिसम्बर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रमों की शुरूआत 12 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे रन फॉर विकसित राजस्थान से हुई। रन फॉर विकसित राजस्थान को जिला कलेक्टर डीग उत्सव कौशल द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। दौड़ में लगभग 700-750 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। साथ ही, जिला एवं ब्लॉक स्तरीय अधिकारी कर्मचारी ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। रन जल महल से शुरू होकर लक्ष्मण मंदिर, लोहा मंडी, नई सड़क होते हुए वापस जल महल पर समाप्त हुई। वहीं दौड़ में भाग लेने वाले प्रतिभागियों के लिए नगर परिषद द्वारा अल्पाहार की व्यवस्था की गई थी। प्रातः 11 बजे युवा सम्मेलन/रोजगार उत्सव का आगाज हुआ। कार्यक्रम में 85 नवनियुक्त कार्मिकों को डीग-कुम्हेर विधायक डॉ शैलेश सिंह ने नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके साथ ही उन्होंने वेलकम किट प्रदान की जिसमें मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का संदेश, लोक सेवक के लिए दायित्व, कर्तव्य और अपेक्षाओं का नोट, पेन, बैग, डायरी आदि सामग्री थी। उन्होंने सभी नवनियुक्त कार्मिकों और उनके परिवारजनों को बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि आप सभी को आमजन की सेवा का अवसर मिला है जिसे मन लगाकर पूरा करे। भारत का युवा पूरे विश्व में देश का नाम रोशन कर रहा है।

छात्र-छात्राओं को गर्म जर्सी वितरित

भरतपुर, (निस) नगला सैह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेवर के कक्षा 1 से 11 तक के 188 छात्र-छात्राओं को गर्म जर्सियां वरिश्ठ नागरिक एवं विद्यालय स्टाफ के सहयोग से वितरित की गईं। प्राचार्य नबाब सिंह ने सभी भामाषाहों को धन्यवाद देकर आभार व्यक्त किया तथा इस ठण्ड के मौसम में विद्यालय के सभी बच्चों को गर्म जर्सीयों की बहुत आवष्यकता थी जो कि समय पर उनको उपलब्ध कराकर बहुत ही पुण्य का कार्य किया है। भामाषाह एवं वरिश्ठजन लक्ष्मीनारायण गुप्ता, आरएस गुप्ता, सतीष चंद गुप्ता, राजेन्द्र प्रसाद षर्मा, भूपेन्द्र फौजदार, ओमप्रकाष आजाद, सुषील पाराषर, गिरधारी गुप्ता, मनोज झालानी, हरेन्द्र षर्मा एवं ताराचंद गुप्ता ने विद्यालय के स्टाफ के सहयोग से सभी बच्चों को गर्म जर्सीयां वितरित कीं। सविता गुप्ता वरिश्ठ अध्यापिका की प्रेरणा से गर्म जर्सियां वितरित की गई हैं। इस अवसर पर ओमप्रकाष आजाद ने कविता सुनाकर तथा राजेन्द्र प्रसाद षर्मा ने बच्चों को अच्छा नागरिक बनने एवं माता-पिता के चरण स्पर्ष करने के लिए प्रेरित किया। सभा का संचालन मनोज कुमार षर्मा वरिश्ठ अध्यापक एवं सविता गुप्ता वरिश्ठ अध्यापिका ने सभी का आभार व्यक्त किया।

भजनलाल सरकार की वर्षगांठ पर कार्यक्रम

गंगापुर सिटी,। राज्य सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में गुरुवार को रन फॉर विकसित राजस्थान का आयोजन किया गया। रन में राजस्थान पुलिस, एनसीसी, स्काउट, गाइड सहित स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी बडी संख्या में मौजूद थे। कलेक्ट्रेट परिसर से जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी, पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर और नगर परिषद के सभापति शिवरतन अग्रवाल ने रन फॉर विकसित राजस्थान को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रन में राजस्थान पुलिस, एनसीसी, स्काउट गाइड सहित स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी बडी संख्या में मौजूद थे। रन फॉर विकसित राजस्थान कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना होकर फव्वारा सर्किल होते हुए उदई मोड स्थित फल मंडी पहुंची। इस दौरान सभी ने दौड लगाकर स्वस्थ राजस्थान का संदेश दिया। रन फॉर कार्यऋम के तहत कई नजारे देखने को मिले। कार्यऋम को जिला कलेक्टर, पूर्व विधायक, नगर परिषद के सभापति एवं पंचायत समिति की प्रधान मंजू गुर्जर ने संबोधित किया।

रन फॉर विकसित राजस्थान रैली का आयोजन

करौली,(नि.स.) राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रन फॉर विकसित राजस्थान रैली का शुभारंभ त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम से अतिरिक्त जिला कलेक्टर हेमराज परिडवाल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर में गुलाव बाग, हाथीघटा, कलेक्ट्रेट चैराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची कलेक्ट्रेट परिसर में रैली का राष्ट्रगान के साथ समापन हुआ इस अवसर पर जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीणा,सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी धर्मेन्द्र मीणा, पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ गंगासहाय मीणा,आयुक्त नगर परिषद करणी सिंह, खेल अधिकरी रमेश चंद गुप्ता सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

किसान सम्मेलन का आयोजन 13 को

करौल,(नि.स.) जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना ने बताया कि आज 13 दिसम्बर प्रातः 11:00 बजे से सूचना केन्द्र के टाउन हॉल में किसान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगाा इस कार्य हेतु कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक,सहकारिता एवं उद्यान विभाग के उपनिदेशक एवं पशुपालन के संयुक्त निदेशक,नगर परिषद के आयुक्त को प्रभारी अधिकारी नियुक्त कर समस्त तैयारी समय पर करने के निर्देश दिये।

स्कूल शिक्षा परिवार बांटेगा प्रश्नपत्र

गंगापुर सिटी । स्कूल शिक्षा परिवार गंगापुर सिटी की बैठक बलॉक अध्यक्ष राजकुमार मिश्रा की अध्यक्षता में आयोजित कि गई। प्रवक्ता खगेश खटाना ने बताया कि मीटिंग में प्रश्न पत्र वितरण सदस्यता शुल्क के बारे में चर्चा की गई। सर्वसम्मति से 15 दिसंबर 2024 रविवार को भगवती उच्च माध्यमिक विद्यालय गणेश मील उदेई मोड में स्कूल शिक्षा परिवार के सदस्य मान्यता प्राप्त स्कूल कक्षा 3 से 8 तक के प्रश्न पत्र वितरण किए जाएंगे।

यूनिपोल विज्ञापन प्रदर्शन मामले में तुरंत की गई कार्यवाही

जयपुर । केंद्रीय बस स्टैंड धौलपुर पर विज्ञापन प्रदर्शन के लिए लगाए गए यूनिपोल पर प्रदर्शित होने वाले जाति सूचक शब्द के मामले को लेकर तुरंत कार्यवाही अमल में लाई गई है।धौलपुर मुख्य प्रबंधक द्वारा यूनिपोल पर जाति सूचक शब्द डिस्प्ले होने का मामला मुख्यालय के ध्यान में लाया गया था। रोडवेज प्रबंधन ने मामले के संज्ञान में आते ही आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। मुख्य प्रबंधक धौलपुर आगार द्वारा यूनिपोल की बिजली सप्लाई काटी गई है। अब विज्ञापन प्रदर्शन से संबंधित फर्म पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय बस स्टैंड धौलपुर पर अनुबंध के आधार पर विज्ञापन प्रदर्शन हेतु यूनिपोल लगाया गया है। यूनीपोल पर दिनांक, समय, तापमान एवं विज्ञापन आदि का संचालन संबंधित फर्म द्वारा किया जाता है।

खेलों से शरीर और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं : विनोद धवन

हिण्डौन सिटी । 51 वी मंडल स्तरीय शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता चयन एवं दल गठन 2024 -25 का समापन समारोह गुरुवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जटनगला में आयोजित हुआ। संयोजक एवं प्रधानाचार्य उदय सिंह जाटव व मीडिया प्रभारी नरेंद्र बाबा ने बताया समापन समारोह के मुख्य अतिथि संयुक्त निदेशक शिक्षा विभाग भरतपुर संभाग रहे ।

अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कैलाश चंद मीणा ने की । सहायक निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर योगेश्वर कुमार साध ,ए सी बी ई ओ रिद्धि चंद जैन, हरिओम शर्मा , जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय गंगापुर शारीरिक शिक्षा प्रभारी करणफूल मीणा,व्याख्याता शारीरिक शिक्षा मुरारीलाल शाक्यवाल रहे विशिष्ट स्थिति के रूप में उपस्थित । संयुक्त निदेशक विनोद कुमार धवन ने मंत्रालयिक कर्मचारियों को संबोधित करते हुए आपने बेहतर प्रदर्शन करके राज्य स्तरीय प्रतियोगिता हेतु अपना स्थान पक्का किया । आगे होने वाली प्रतियोगिता में भरतपुर संभाग को अच्छा परिणाम देंगे । खेलों से मनुष्य का मन स्वस्थ रहता हैं।

51 वी मंडल स्तरीय शिक्षा विभागीय मंत्रालयिक कर्मचारी क्रीड़ा एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता चयन एवं दल गठन 2024 -25 का समापन समारोह आयोजित।

अध्यक्षता कर रहे कैलाश चंद मीणा ने कहा तनाव रहित रहने के लिए खेल खेलना आवश्यक है । खेलों से शरीर स्तुति दायक रहता है ।इससे पूर्व समारोह में प्रधानाचार्य उदय सिंह जाटव,प्रशासनिक अधिकारी भरतपुर प्रताप सिंह, करौली संस्थापन अधिकारी कैलाश चंद्र शर्मा , प्रशासनिक अधिकारी गंगापुर हेमराज शर्मा , पवन कुमार गुप्ता ,अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी गोविंद प्रसाद गुप्ता, प्रसून कुमार जैन, संजय कुमार शर्मा, ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं साफा बंधन कर स्वागत किया । कार्यक्रम का मंच संचालन फिजिकल टीचर भगत सिंह बेनीवाल ने किया । प्रतियोगिता में भरतपुर संभाग के प्रतियोगी कुल 845 खिलाड़ियों ने वॉलीबॉल ,टेबल टेनिस, कैरम ,शतरंज ,बैडमिंटन, कबड्डी ,फुटबॉल ,क्रिकेट बॉल टेनिस , रस्सा कसी ,सतोलिया, खो खो ,योगा , एथलेटिक्स 100, 200, 400 मीटर दौड़ व तस्करी फेक ,भाला फेंक, गोला फेक एवम ,सांस्कृतिक कार्यक्रम एकल नृत्य ,सामूहिक नृत्य , एकाभिनय आदि खेलों में अपना पसीना बहाकर राज्य स्तरीय हेतु अपना स्थान पक्का किया । प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि विनोद कुमार धवन ने ध्वज उतार कर समापन किया । व्याख्याता शारीरिक शिक्षा गंगापुर मुजम्मिल,वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक वीरेंद्र राजावत, भूपाल , लोकेश मीणा, शारीरिक शिक्षक युधिष्ठिर भाकर,ओमप्रकाश , रज्जो ,विनीत , राजेश, सतवीर भाकर ,केदार ,राजीव , लक्ष्मी जादौन ,राजीव ,शारीरिक शिक्षकों ने निर्णायक, स्कोरर , टाइम की पर रेफरी की भूमिका में रहे।

युवा राज्य के विकास की रीढ़ है, उनका भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए सरकार कृतसंकल्पित

- विकास पुस्तिका का विमोचन किया

सवाई माधोपुर, । राज्य सरकार की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में मारवाड़ इन्टरनेशनल सेन्टर जोधपुर में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव/युवा सम्मेलन को विडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्बोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा ने कहा कि युवा राज्य के विकास की रीढ़ है। यहां का युवा ऊर्जावान, सृजनशील, नवाचारी होने के कारण राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने से कोई नहीं रोक सकता। राज्य की डबल इंजन सरकार युवाओं का भविष्य उज्ज्वल बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले नकल कराने वाले गिरोहों को जले भेजने के साथ-साथ इस प्रकार की पुनर्रावृति न हो इसके लिए एसआईटी का गठन करने के साथ-साथ कानून में भी कड़े प्रावधान किए है।

उन्होंने बताया कि उनकी सरकार ने युवाओं को रोजगार देने के लिए 85 हजार नई भर्तियां निकाली है। वहीं करीब एक लाख युवाओं को रोजगार भी दिया है। निजी क्षेत्र में युवाओं को रोजगार देने के लिए राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से 35 लाख करोड़ के एमओयू पर हस्ताक्षर किए है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।

इस दौरान राजीव गांधी क्षेत्रीय प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय के ऑडिटोरियम आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को जिला प्रभारी एवं सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन विभाग मंत्री गौतम कुमार दक ने मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कहा कि माननीय मुख्यमंत्री ने सरकार बनते ही सर्वप्रथम युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले नकल कराने वाले गिरोहों को सजा दिलाने का कार्य किया है।उन्होंने बताया कि राज्य सरकार अपने कार्यकाल में 4 लाख युवाओं को सरकार व 6 लाख युवाओं को राईजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से लगने वाले उद्योगों से रोजगार दिलाने का कार्य करेगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने करीब एक लाख युवाओं को रोजगार प्रदान किया है। वहीं नई भर्तियों की विज्ञिप्त भी जारी की है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री के नेतृत्व में केन्द्र सरकार व मध्यप्रदेश सरकार से सामन्जस्य स्थापित कर पूर्वी जिलों की लाइफलाईन कहीं जाने वाली ईआरसीपी योजना को एमओयू कर धरातल पर उतारने का कार्य किया है।उन्होंने बताया कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसान हित में निर्णय कर पीएम किसान सम्मान निधि के माध्यम से प्रत्येक किसान को सीधे उसके खाते में 6-6 हजार रूपये की राशि वहीं माननीय मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 65 लाख किसानों को मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि के माध्यम से दो-दो हजार रूपये सीधे उनके खाते में देकर उनके चेहरे पर प्रसन्नता लाने का कार्य किया है। इस दौरान प्रभारी सचिव संदीप वर्मा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

इस दौरान प्रभारी मंत्री गौतम कुमार दक, प्रभारी सचिव संदीप वर्मा, जिला प्रमुख सुदामा मीणा, जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता एवं उपस्थित जन प्रतिनिधियों द्वारा जिला विकास पुस्तिका का विमोचन किया गया।

हनुमान मंदिर में भजनों पर श्रद्धालुओं ने किया नृत्य

सपोटराकरौली, (नि.स.) ग्राम पंचायत नारौली डांग में पंचमुखी हनुमान मंदिर पर हनुमान सेवा समिति के तत्वावधान में रात्री भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया। महंत बलराम दास ने बताया कि कार्यक्रम में गायक कलाकार पप्पू योगी एण्ड पार्टी शेषा दुआड़ा सवाई माधोपुर.ने एक से बढ़कर एक भजनों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भक्ति में लीन कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ गायक कलाकार पप्पू योगी ने गणेश वंदना के साथ किया।तत्पश्चात शिव ब्यावला,हनुमान जी की कथा,सीता माता,नारद की कथा,जिंद बाबा,संत बाबा,भैरोजी जैसी प्रस्तुतियों ने सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया। पांडाल में हर भजन पर दर्शक नृत्य करते रहे। भजन संध्या में महिला पुरुष व बच्चों ने बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भजन संध्या का आनंद लिया। वहीं गायक कलाकार ने एक से बढ़कर एक धार्मिक भजनों पर प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को नाचने पर मजबूर कर दिया। वहीं डांसर प्रेमराज छैला व काजल ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी।

राज्य सरकार की वर्षगांठ के अवसर पर विकास प्रदर्शनी आयोजित

भरतपुर, (निस)। राज्य सरकार की वर्षगांठ के अवसर पर गुरूवार को नगर विकास न्यास ऑडिटोरियम में आयोजित विकास प्रदर्शनी का जल संसाधन एवं जिला प्रभारी मंत्री सुरेश सिंह रावत ने विधिवत फीता काटकर उद्घघाटन कर जिले के विकास एवं भविष्य की कार्य योजनाओं का अवलोकन किया।

जिला प्रभारी मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पिछले एक वर्ष में जन आकांक्षाओं पर खरा उतरते हुये विकसित राजस्थान की कल्पना को साकार करने में प्रत्येक क्षेत्र एवं प्रत्येक वर्ग के लिये योजनाओं का सफल क्रियान्वयन किया है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में दर्शाए गये विकास कार्यों के छायाचित्र एवं भविष्य के कार्यों के मॉडल भरतपुर के विकास को रेखांकित करते हैं। राज्य सरकार ने पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के साथ सडक, सिंचाई, पेयजल, चिकित्सा, शिक्षा एवं आईटी सुविधाओं के विस्तार जैसे कार्यों को धरातल पर साकार करते हुये आमजन के सपनों को पूरा करने के कदम उठाए हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों की स्टॉलों का अवलोकन करते हुये विभागीय उपलब्धियों के सचित्र प्रदर्शन की सराहना की तथा आमजन के अवलोकनार्थ कार्य योजना बनाकर युवाओं एवं शहर के गणमान्य नागरिकों को भी आमंत्रित करने के निर्देश दिये।

जिला प्रभारी मंत्री ने जिले के पंच गौरव का पहली बार सचित्र विवरण के साथ प्रदर्शन एवं सजीवता के साथ मौके पर आयोजित प्रदर्शनी की सराहना की। एक जिला एक खेल में जहां जिले के खिलाडियों ने जिला प्रभारी मंत्री को कुश्ती की बारीकियों से अवगत कराया वहीं एक जिला एक प्रजाति में कदम्ब के पेड की प्रदर्शनी, एक जिला एक उत्पाद में सरसों तेल तथा एक जिला एक उपज में शहद का सजीव प्रदर्शन देखकर अविभूत हो गये। उन्होंने भरतपुर में इतनी विशेषताओं से युवाओं को भी अवगत कराने का आव्हान किया। वैर विधायक बहादुर सिंह कोली ने विकास प्रदर्शनी में सभी विभागों द्वारा लगाई स्टॉल एवं विकास कार्यों के सचित्र प्रदर्शन की सराहना करते हुये कहा कि इससे आमजन को विभागीय योजनाओं की भी जानकारी मिल सकेगी। डीग-कुम्हेर विधायक डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि विकास प्रदर्शनी जिले में हुये विकास का आइना है इससे आमजन को विकास कार्यों की जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी में आम लोगों के लिये इस प्रकार की व्यवस्था की जाये कि वे अवलोकन कर सकें। इस अवसर पर एडवोकेट मनोज भारद्वाज, शैलेश कौशिक, सत्येन्द्र गोयल, रज्जन सिंह, गिरधारी गुप्ता, शिवानी दायमा सहित जनप्रतिनिधिगण, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, नगर विकास न्यास सचिव ऋषभ मंडल, सीईओ जिला परिषद मृदुल सिंह, निदेशक घना मानस सिंह, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, प्रशिक्षु आईएएस राहुल श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिला विकास पुस्तिका का हुआ विमोचन जिला प्रभारी मंत्री, विधायकगण, जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव, पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, जनप्रतिनिधि एवं अन्य अतिथियों ने जन सम्पर्क विभाग भरतपुर द्वारा तैयार की गई जिला विकास पुस्तिका एवं राज्य स्तरीय प्रचार साहित्य का विमोचन कर वितरण का शुभारम्भ किया। जिला विकास पुस्तिका में विभागवार उपलब्धियां, जिले के बजट घोषणाओं की क्रियान्विति का सचित्र उल्लेख किया गया है। जिला प्रशासन द्वारा पिछले एक वर्ष में किये गये नवाचार एवं भविष्य में किये जाने वाले कार्यों के मॉडल का विवरण के साथ पूरे होने पर आमजन को मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तृत जानकारी समाहित की गई है।

सार-समाचार

स्कूल में खेल आयोजित

गंगापुर सिटी । पीएम श्री राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में गुरुवार को बच्चों को साइकिल वितरण, टैबलेट और पीजी कॉलेज में स्कूटी वितरण कार्यऋम का आयोजन किया गया। स्कूल में आयोजित कार्यऋम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर थे। अध्यक्षता जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने की एवं विशिष्ट अतिथि सभापति शिवरतन अग्रवाल, प्रधान अंजू गुर्जर, जिला शिक्षा अधिकारी देवीलाल मीणा, संस्था प्रधान ओमप्रकाश बैरवा, पार्षद बबलू चौधरी, मिथलेश व्यास आदि थे। अतिथियों ने मां शारदा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यऋम की शुरुआत की। जिले की करीब 50 प्रतिभाओं को टैबलेट का वितरण किया गया। जिले में करीब 295 प्रतिभाओं को टेबलेट का वितरण किया जाना है। साथ ही जिले में करीब 3 हजार और गंगापुर सिटी में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में 800 बालिकाओं को साइकिलों का वितरण किया गया। कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने कार्यऋम को संबोधित करते हुए सरकार के द्वारा प्रतिभाओं को निशुल्क टैबलेट और बालिकाओं को साइकिल वितरण की सराहना करते हुए कहा कि इससे प्रतिभाओं में और निखार आएगा। साथ ही बालिकाओं को भी स्कूल आने जाने में अब सहुलियत होगी और बालिकाएं जल्द स्कूल से घर और घर से स्कूल आसानी से पहुंच सकेंगी। इस मौके पर बालिकाओं ने एक से बढकर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। कार्यऋम में अतिथियों ने प्रतिभाओं को टैबलेट और बालिकाओं को निशुल्क साइकिलों का विरतण किया। प्रतिभाएं टैबलेट और बालिकाएं साइकिल पाकर खुशी से झूम उठी।

जिला प्रभारी मंत्री ने किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

करौली, (नि.स.)। गृह, गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं मत्सय विभाग व जिला प्रभारी मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने राज्य सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सूचना केन्द्र के बाहर लगाई गई प्रदर्शनी का फीता काट कर शुभारंभ किया। जिला प्रभारी मंत्री ने इसके पश्चात विभिन्न विभागों के द्वारा लगाई गई स्टॉलो का अवलोकन कर राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं एवं एक वर्ष में किये गये विकास कार्यो की अधिकारी एवं कर्मचारीयों से जानकारी ली। जिला प्रभारी मंत्री के द्वारा ग्रामीण विकास, श्रम विभाग, शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, आयूर्वेद विभाग, वन विभाग, उद्योग विभाग, पर्यटन विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का एक एक करके अवलोकन किया। उन्होंने आमजन छात्र छात्राओं से अपील कि प्रदर्शनी 15 दिसम्बर तक चलेगी अतः अवलोकन अवश्य करें। इस अवसर पर करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर,सपोटरा विधायक हंसराज मीना,प्रभारी सचिव बाबूलाल गोयल,जिला कलक्टर नीलाभ सक्सेना,एडीएम हेमराज परिडवाल,मुख्य कार्यकारी अधिकारी शिवचरण मीना, रोजगार उत्सव के नोडल अधिकारी सीएमएचओ डॉ.दिनेशचंद मीना,सहायक निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क धमेन्द्र मीना सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

साइकिलों का किया वितरण

करौली, (नि.स.)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गाधौली में साइकिल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य शिवचरण मीणा ने बताया कि साइकिल वितरण कार्य स्थानीय विद्यालय के एसएमसी अध्यक्ष गोपाल लाल मीणा,कन्हैया लाल एवं गांव के अन्य पंच पटेलौ के द्वारा कक्षा 9 मे अध्यनरत 33 छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण का कार्य किया गया साइकिल प्राप्त कर के छात्राओं में अत्यधिक खुशी का माहौल रहा इस दौरान स्थानीय विद्यालय की उप प्राचार्य श्रीमती सीमा गुर्जर,अध्यापिका श्रीमती सुमन जंगम,मलकेश मीणा,ओम प्रकाश गुप्ता, धारा सिंह मीणा,आशा मुद्गल,जैनुलाब्दीन,विमला मीणा,सागर सिंह मीणा,मंजू मीणा,श्रीमती रामारानी मिश्रा आदि विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

शिक्षकों को रिक्त स्थान पर लगाने की मांग

करौली, (नि.स.) । राजस्थान समग्र शिक्षक संघ ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ उदयसिंह डिंगार के नेतृत्व में शिक्षा निदेशक एवं जिला शिक्षा अधिकारियो सहित उच्च स्तर पर ज्ञापन प्रेषित कर प्रदेश में अधिशेष समायोजन अंतर्गत दूरस्थ पदस्थापन किए गए अध्यापकों एवं प्रबोधकों को उचित राहत दिलवाने कि मांग कि है। करौली के जिला अध्यक्ष रूपसिंह गोरेहार,जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष जयप्रकाश ओड़च, जिला संरक्षक प्रहलाद मीणा, जिला मंत्री मदन मोहन तिवारी, जिला प्रवक्ता चेतराम मीणा, उपशाखाओ के अध्यक्ष एवं मंत्री करौली से बाबूलाल मीणा, राममूर्ति शर्मा, हिण्डौन से उमेश सिंह डागुर, अमर सिंह मीणा, सपोटरा से हंसराज एकट,देवी सिंह बैरवा, मासलपुर से प्रेमसिंह मीणा, मण्डरायल से काशीराम मीणा एवं रामकुमार नंदवानिया ने बताया कि प्रदेश में अधिशेष समायोजन अंतर्गत कुछ कार्मिकों के दूरस्थ पदस्थापन किए जाने से वे परेशान एवं प्रताड़ित महसूस कर रहे हैं। ऐसे में उनके द्वारा प्रस्तुत परीवेदना अनुसार तत्काल राहत प्रदान करने की कृपा करावे,अन्यथा राजस्थान समग्र शिक्षक संघ आंदोलन के लिए विवश होगा। उन्होंने कहा कि काउंसलिंग प्रक्रिया नहीं अपनाने से दूरस्थ पदस्थापन के कारण प्रताड़ित कार्मिकों में रोष पनप रहा है एवं समायोजन पदस्थापन को लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। उन्होंने ज्ञापन कि प्रति मुख्यमंत्री,शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव सहित उच्च अधिकारियों को भी प्रेषित कर कार्मिकों को उचित राहत दिलवाने कि गुहार लगाई है।

'शिक्षित बालिका ही समाज की मुख्य धरोहर'

नदबई (निस)। महात्मा गांधी राजकीय सीनियर विद्यालय में गुरुवार को उपप्रधान भूपेन्द्र फौजदार के मुख्य आथित्य में निशुल्क साईकिल वितरित कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसकी अध्यक्षता नगर पालिकाध्यक्ष हरवती सिनसिनवार ने की। जबकि, पूर्व पार्षद अरब सिंह व अशोक उपाध्याय विशिष्ठ अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में नगरपालिका अध्यक्ष हरबती ने शिक्षित बालिकाओं को सभ्य समाज की मुख्य धरोहर बताते हुए अधिक से अधिक शिक्षित होने व समाज के विकस में भागीदारी निभाने का संकल्प दिलाया। वही नगर पालिकाध्यक्ष ने योजनाओं पर चर्चा कर छात्राओं को लाभान्वित होने को कहा। समारोह में ग्राम पंचायत जहांगीरपुर, डहरा, लखनपुर, परसवारा, गगवाना, मई, करही, बछामदी, अटारी, लुलहारा, खटौटी व हन्तरा राजकीय विद्यालय की छात्राओं को निरूशुल्क साईकिल वितरित कर लाभान्वित किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरेश भातरा ने शुक्रवार को बहरामदा, लुहासा, रौनीजा, ऊँच, नयावास, बरौलीछार, कटारा व गादौली राजकीय विद्यालय की छात्राओं को साईकिल वितरित होने के बारे में बताया। समारोह में रामबाबू शर्मा, अमृत सिंह, रमन कटारा, विष्णुदत्त शर्मा, राजेन्द्र आदि मौजूद रहे। जबकि, संचालन उपप्रधानाचार्य दिलीप सिंह ने किया।

छात्राओं के लिए शिक्षा एवं आवागमन होगा सरल : विधायक डॉ ऋतु बनावत

- 300 छात्राओं को निशुल्क वितरित की गई साइकिलें
- ब्लॉक स्तरीय साइकिल वितरण समारोह 300 छात्राओं को निशुल्क साइकिलें हुई वितरित

रूपवास । राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन एवं लाभकारी योजना के तहत कस्बे के स्टेशन रोड़ स्थित रामचरन गोयल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में क्षेत्रीय विधायक डॉ ऋतु बनावत के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया गया।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्ष पूर्व तहसीलदार मटोलीराम शर्मा ने की। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में डब्बू बंसल,राकेश भातरा, पूर्व जिपस वीरविक्रम सिंह परमार,समाजसेवी एवं ब्राह्मण समाज के पूर्व अध्यक्ष राजेश पाराशर,बलवीर चौधरी,भाजपा नेता सत्तू गौड़,अजय डागुर,रॉकी, योगेश सिंघल मौजूद थे। इस अवसर पर सर्वप्रथम अतिथियों ने मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद विद्यालय प्रशासन की और से विधायक समेत सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर व साफा बांधकर स्वागत सम्मान किया। विद्यालय की बालिकाओं ने इस दौरान सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर विधायक डॉ ऋतु बनावत ने कहा कि बेटियों को शिक्षा की धारा से आवागमन को सुगम बनाने के लिए निशुल्क साइकिल योजना राजस्थान सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। बालिका शिक्षा एवं प्रोत्साहन योजनाओं के तहत साइकिल वितरण काफी महत्वपूर्ण है। विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में छात्राएं प्रत्येक क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही हैं।जो बालिकाएं दूर दराज से शिक्षा प्राप्त करने के लिए पैदल विद्यालय आतीं है। अब उनको साइकिल मिलने से उनका विद्यालय आवागमन सुगम एवं आसान होगा। इसके अलावा अन्य वक्ताओं ने भी कार्यक्रम के दौरान अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम आयोजकों ने बताया कि 3 नोडल केंद्रों कुल 845 कक्षा 9 वीं में पढ़ने वाली बालिकाओं के लिए निशुल्क साइकिलों का वितरण किया गया। मंच का संचालन व्याख्यात सुरेश माथुर ने किया। इस अवसर पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी नरेश शर्मा,प्राचार्य संध्या सिंह,मुकेश लवानियां,हरिओम बघेल शारीरिक शिक्षक,गिरधारीलाल शर्मा, विशाल कौशल, संतोष पाराशर समेत अन्य लोग मौजूद थे

विद्यालय में क्षेत्रीय विधायक डॉ ऋतु बनावत के मुख्यातिथ्य में आयोजित किया।

राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

करौली,(नि.स.) राजस्थान राज्य